## एक नजर में

### अग्रवाल महिला महासभा ने मनाया गणगौर उत्सव

**हरदा,** मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा हरदा ने गणगौर उत्सव मनाया । साथ ही वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान भी किया। जिला अध्यक्ष सुनीला गोयल ने बताया कि हरदा महासभा के द्वारा ईसर जी गोरा जी की पूजन अर्चन कर सभी की सुख समृद्धि और अखंड सुहाग की मंगल कामना की गई। गोयल ने बताया हमारी संस्कृति हमारी परंपरा हमारी धरोहर है । इस धरोहर की नींव हमारे वरिष्ठ जन है . इस बात को ध्यान में रखकर कार्यक्रम में पधारी सभी वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान पुष्प गुच्छ माला से सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष माया सिंहल एंव संभागीय अध्यक्ष आभा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता समानता पर बल दिया । इस बीच सभी पदाधिकारी गण मौजूद थे । समाज का प्यारा न्यारा ग्रुप ने पर्यावरण सरंक्षण पर भी काम किया । समाज के सभी सदस्यों ने अपने अपने छत पर दाना पानी रखने का संकल्प लिया। प्यारा न्यारा ग्रुप में ईसर गोरा बनी जोडी ने आर्कषण नृत्य प्रस्तुत किया एवं ग्रुप की सभी महिलाओं ने भी सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति दी साथ ही मनोरंजक गेम खिलाकर सभी का मन मोह लिया। रुचिता अग्रवाल एवं सोनिया अग्रवाल ने मंच संचालन किया।

## नर्मदा, नदी नहीं बल्कि प्रदेश की जीवन रेखा - उईके

**नर्मदा संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान, रेवा सेवा समागम में जुटे संत, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन**



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 15 मार्च.** माँ नर्मदा के संरक्षण और नदी के प्रति समाज की जिम्मेदारी को लेकर रविवार को नर्मदापुरम के कोरीघाट स्थित नर्मदा रिवर व्यू में रेवा सेवा समागम का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम में संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, पर्यावरणविदों, सामाजिक संगठनों और युवाओं नर्मदा समग्र से न्याससी नर्मदा सदस्य सच्चानंद वासवानी, बृजकिशोर भार्गव, कार्तिक सप्रे उपस्थित रहे।

कार्यशाला का संचालन श्री मनोज जोशी द्वारा किया गया। कार्यशाला में नर्मदा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि नर्मदा केवल एक नदी नहीं बल्कि प्रदेश की जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि नर्मदा के संरक्षण के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ समाज की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर नदी और उसके तटों को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखना संभव है। उन्होंने युवाओं और सामाजिक संगठनों से नर्मदा संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) मोहन नागर ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि नर्मदा संरक्षण केवल प्रशासन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि नर्मदा को बचाने के लिए जन जागरूकता और जनसहभागिता को बढ़ाना होगा। जब समाज स्वयं आगे आएगा, तभी नर्मदा संरक्षण का अभियान स्थायी रूप से सफल हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि नर्मदा नदी प्रदेश की आस्था, संस्कृति और अर्थव्यवस्था से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि नदी का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। यदि आज हम नर्मदा के प्रति संवेदनशील नहीं होंगे तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि नर्मदा संरक्षण में समाज की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नदियों, जंगलों और जल स्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है। यदि हम प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे तो जल संकट और पर्यावरणीय समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं।

## धूमधाम से मनेगी रामनवमीं और हनुमान जी का प्राकट्योत्सव

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 15 मार्च** शहर के प्राचीन एवं सिद्ध श्री हनुमान धाम मंदिर, ओवरब्रिज परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राकट्योत्सव राम नवमी एवं रामभक्त हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर परंपरा अनुसार तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस वर्ष भी हनुमान जी के प्राकट्योत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया जाएगा

**यह रहेंगे कार्यक्रम**

**27 मार्च** - राम नवमी पर भगवान श्री राम के प्राकट्योत्सव के अवसर पर दोपहर 12 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को लस्सी और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

**31 मार्च** - हनुमान जी प्राकट्योत्सव, मंगलवार को रामभक्त हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर शाम 4 बजे ओवरब्रिज स्थित श्री हनुमान धाम मंदिर से भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा पूरे शहर का भ्रमण करेगी। शोभायात्रा में जबलपुर से आए कलाकार देवी-देवताओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन करेंगे। भगवान राम और हनुमान जी का आकर्षक दरबार और प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। ढोल-नगाड़ों और अखाड़ों के साथ नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर में संपन्न होगी। 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से मंदिर में रामायण पाठ प्रारंभ होगा, जो 2 अप्रैल की दोपहर तक चलेगा। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन होगा। 1 अप्रैल की रात रामभक्त हनुमान जी के विग्रह का मां नर्मदा जी के जल से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। यह अनुष्ठान रात 12 बजे से 3 बजे तक चलेगा।

## एलपीजी की कालाबाजारी मामले में 8 पर एफआईआर

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/15,मार्च,2026/** अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है. अतःउपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें. देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इसके अलावा स्ट्रैट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला और मुंद्रा पोर्ट पर पहुँच जायेंगे।

**1357 सिलेंडर जप्त** - एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध जारी निर्देशों के पालन में प्रदेश भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में 1025 स्थानों पर कार्यवाही कर 1357 सिलेंडर जब्त किये गए.

## ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाला पकड़ाया

**पिपरिया** स्टेशन रोड पुलिस द्वारा योनो एप्लिकेशन डाउनलोड करने के नाम पर 2 लाख 99 हजार 448 रूपये की आनलाइन धोखाधडी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकडने में सफलता हासिल की है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहित कुमार यादव के निर्देशन में स्टेशन रोड टीआई आदित्य सेन की टीम ने आरोपी की तलाश हेतु लगातार बैंक व तकनीकी साक्ष्यो के माध्यम से अज्ञात आरोपी मोहम्मद जफर इमाम पिता मोहम्मद जहांगीर आलम बिहार प्रदेश को पकडा।

## वाइल्ड लाइफ आर्टिकल मामले में आरोपी हिरासत में



**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 15 मार्च** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में स्थित फोरसिथ रिसोर्ट के डिस्प्ले में रखे वन्यजीवों के आर्टिकल्स के मामले में रविवार को दो आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोहागपुर की अदालत में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें 25 मार्च 2026 तक के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज आरोपियों की जमानत पर माननीय न्यायालय द्वारा फैसला दिया जाएगा। बागड़ा बफर जोन रेंजर विलास डोंगरे ने बताया कि सात मार्च 2026 को वन विभाग ने फोरसिथ रिसोर्ट के डिस्प्ले में रखे गए वन्यजीवों के अवयवों की जप्ती बनाई गई थी। इन अवयवों में हिरण के सींग, सर्प की केंचुली तथा सेही वन्य जीव के कांटे शामिल थे। जिसके चलते वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए फोरसिथ रिसोर्ट के मैनेजर निपुन महतो तथा नेचुरलिस्ट फैज अंसारी आरोपी बनाए गए थे। रेंजर डोंगरे के अनुसार आरोपियों को रविवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेज़दीप सासन के न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें 25 मार्च 2026 तक की ज्यूडिशियल रिमांड पर पिपरिया उपजेल भेजा गया है। मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रतीक तिवारी ने कहा कि वन विभाग ने वन्यजीव अवयव सात मार्च 2026 को फोरसिथ रिसोर्ट से जप्त किए गए थे, लेकिन तत्काल आरोपियों को हिरासत में नहीं लिया गया। अत: आरोपियों को एक सप्ताह बाद हिरासत में लेने से वन विभाग द्वारा प्रकरण में गड़बड़ी की आशंका है। यह दलील भी तिवारी ने न्यायालय में प्रस्तुत की है। अधिवक्ता तिवारी के अनुसार आज सोमवार को आरोपियों की जमानत की अर्जी पर फैसला सुनाया जाएगा।

## महिला दिवस पर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता

**इटारसी.** श्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में क्रिकेट महिला क्रिकेट का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोना पांडे, माला पांडे ,बानी मिश्रा ,रेखा मिश्रा, अनुजा मिश्रा, सरला मिश्रा, रश्मि दीक्षित, पुनीता पांडे, ज्योति दीक्षित, पूर्णिमा तिवारी अपूर्वा दुबे, कीर्ति प्रशांत तिवारी, कीर्ति द्विवेदी कीर्ति शुक्ला, नमिता शुक्ला, नीतू पाठक प्रेमा पांडे, संगीता तिवारी, संगीता त्रिपाठी, रचना दुबे। अपूर्वा दुबे ने सिक्सर मारकर गेम को विजय बनाया। श्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला मंडल की वरिष्ठ टीम विजय रही।सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंपायर की भूमिका श्री महेश पांडे एवं श्री अनुपम दीक्षित ने निभाई एवं स्कोरर श्री राजेश मिश्रा थे।

## कार्यशाला का आयोजन

**पिपरिया** सशक्त नारी सुरक्षित कार्य क्षेत्र संतुलित जीवन विषय पर महिलाओं के सम्मान में सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम द्वारा नर्मदापुरम वन वृत्त की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पोसएक्ट के बारे में जानकारी दी तथा स्वस्थ वर्क फेमली लाइफ बेलेंस बनाये रखने पर चर्चा की गई।

## पढ़ने, लिखने और सीखने की कोई उम्र नहीं होती

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 15 मार्च** मार्च आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विकासखंड केसला में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरो की परीक्षा संपन्न हुई. पढ़ने लिखने और सीखने की कोई उम्र नहीं होती हर उम्र में इंसान सीखता रहता है सीखने और सीखाने का कार्य सतत चलता रहता है व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने के लिए पढ़ा लिखा होना भी अति आवश्यक है, बचपन में संसाधनों की कमी, गरीबी या अन्य कारणों से जो पढ़ लिख नहीं पाए हैं या मूलभूत साक्षरता को हासिल नहीं कर पाए हैं उनके लिए केंद्र सरकार द्वारा पूरे भारतवर्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरो को साक्षर बनाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है ये कार्यक्रम हमारे मध्यप्रदेश में भी संचालित है. इसी कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड केसला में 213 सामाजिक चेतना केंद्र संचालित है जिसमें असाक्षरो को अक्षर साथियो द्वारा कक्षाएं संचालित कर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता, वित्तीय साक्षरता का अध्यापन कार्य कराया जाता है.

## दो पक्षों में विवाद, एक व्यक्ति की मौत

**सागर 15 मार्च.** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिगड्डा के पास एक शादी समारोह में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया. मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी, इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाईवे के पास स्थित ग्राम बाग खेजरा में शनिवार रात एक शादी समारोह आयोजित था. समारोह में शामिल होने के लिए बब्लू पांडेय भी पहुंचे थे, वहीं अनिल पांडेय भी मौजूद था. दोनों के बीच पहले से मारपीट की पुरानी रंजिश चली आ रही थी, इसी पुराने विवाद को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो धीरे-धीरे झूमाझटकी में बदल गई.

## माँ कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली रैली



**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 15 मार्च** श्री मां कर्मा माई जयंती पर रविवार को सोहागपुर साहू समाज ने विविध आयोजन किए। वहीं शाम को शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सामाजिक नागरिक उपस्थित रहे। सोहागपुर साहू समाज अध्यक्ष भरत साहू व साहू समाज के नागरिकों ने बताया कर्मा जयंती पर रविवार सुबह वाहन रैली निकाली गई। जिसमें युवाओं ने वाहनों से शहर का भ्रमण किया। साहू समाज महिला मंडल ने रविवार दोपहर मां कर्मा का पूजन कर प्रतियोगिताएं कीं। इस दौरान थाली सज्जा, मेहंदी, रंगोली, कुर्सी दौड़ एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रविवार शाम काली मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। मां कर्मा की प्रतिमा व झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में समाज के महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

## अर्धनारीश्वर मंदिर समिति ने कराया नि :शुल्क विवाह

**पिपरिया** गांधीवार्ड पाली रोड स्थित अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में मांगलिक कार्यक्रम विवाह समारोह आयोजित किया गया ।अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में गरीब कन्या का निश्शुल्क विवाह आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम हनौतिया तहसील बनखेडी निवासी कंछेदीलाल के सुपुत्र चिरंजीव आशीष एवं पिपरिया निवासी कन्हैयालाल आरसे की पुत्री सौ.तुलसी का निश्शुल्क विवाह अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में हिंदू रीति रिवाज अनुसार वैदिक विधि विधान से मंदिर के पुजारी पं.महेश शर्मा द्वारा विवाह समारोह संपन्न कराया गया।






## कृषि संकट और निदान पर कार्यशाला आयोजित

**सागर 15 मार्च.**अखिल भारतीय किसान सभा, राज्य परिषद् के तत्वावधान में किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर क्षेत्रीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला को दिशा देने के लिए किसान सभा की केंद्रीय समिति से राष्ट्रीय अध्यक्ष साथी राजन क्षीर तथा राष्ट्रीय सचिव साथी के. डी. सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है. खेती की उत्पादन व्यवस्था कमजोर हो रही है और सरकार कृषि उपज मंडियों को निजी कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने की दिशा में काम कर रही है. कार्यशाला में यह निर्णय लिया गया कि ग्रामीण स्तर पर किसान सभा की इकाइयों का गठन किया जाएगा.

## वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या पतन का संकेत



**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन वैलेडिक्टरी सत्र के साथ संपन्न हुआ.**

श्के. के. मिश्रा जिला समन्यवक ने अपने वक्तव्य में सामाजिक रक्षा कार्यक्रमों के प्रसार और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में समाज कार्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. सत्यजीत सिंह सचिव समन्वय मंडपम ने बताया कि हम किस प्रकार के समाज की कल्पना करते हैं और उस आदर्श समाज के निर्माण में समाज कार्य की क्या भूमिका हो सकती है.

द्वितीय तकनीकी सत्र में वक्ता डॉ. जया श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सदस्य ने पंच परिवर्तन और सामाजिक समरसता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने मध्य प्रदेश की विभिन्न कल्याणकारी योजनायों से भी सभी को परिचित कराया. इस अवसर पर डॉ. अतुल निझावन, राज्य सलाहकार जन अभियान परिषद् ने कहा कि समाज में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या नैतिक मूल्यों के पतन का संकेत है.

आयोजित प्रमाण पत्र वितरण में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए.

इस अवसर पर प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं समाज कल्याण को गति मिलती है. इस कार्यशाला में सामाजिक समरसता, वृद्धों , महिलायों, किशोर ,भिक्षा, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा और संवाद हुआ,


